आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :516 पृष्ठ –4 दिनांक 28 जून 2025 दिन शनिवार

## यूपी में कब से मानसून पकड़ेगा रफ्तार? आज इन जिलों में तेज बारिश का अलर्ट



उत्तर प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में बीते कई दिनों से बारिश का दौर चल रहा है. हालांकि, कुछ जिलों में अब भी लोग बारिश नहीं होने से परेशान है, जिसकी वजह से उन्हें उमस भरी गर्मी से दो–चार होना पड़ रहा है. यूपी में आज (27 जून) भी वाराणसी और सोनभद्र समेत 15 जिलों में तेज बा. रिश होने का अनुमान जताया गया है. इसके अलावा प्रदेश के दोनों संभागों में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है, जबकि 26 जिलों में आज मौसम शुष्क रहेगा. मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में आज भी कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने का अनुमान जताया गया है. इस दौरान दोनों जगहों पर 20–30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना हैं. इस दौरान पश्चिमी यूपी में किसी तरह की खास चेतावनी नहीं दी गई है, जबकि पूर्वी यूपी के जिले सोनभद्र, मीरजापुर, संत रविदास नगर और वाराणसी में मेघगर्जन के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है. यूपी में आज मानसून का हल्का असर ही रहेगा, लेकिन 29 जून से मानसून में और तेजी आएगी. इसके बाद पूरे प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है. 2 जुलाई तक प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा. कई जगहों पर बिजली की गिरने की भी चेता. वनी है. हालांकि अगले पांच दिनों में प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आएगा. यूपी में आज सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, बि. जनौर, मुरादाबाद, सँभल, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, जौनपुर, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कानपुर, औरैया, कन्नौज, मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद और आगरा में एक या दो जगहों पर बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना है जालौन, हमीरपुर, कौशांबी, प्रयागराज, संत रविदास नगर, वाराणसी, गाजीपुर और चंदौली में कुछ जगहों पर और ललितपुर, झांसी, महोबा, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर और सा. `नभद्र व आसपास के इलाकों में कई जगहों पर बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है. इसके साथ ही वाराणसी, चंदौली, सा. `नभद्र, संत रविदास नगर और मीरजापुर में मेघगर्जन के साथ आकाशीय बिजली की चेतावनी दी गई है. बाकी जिलों में आज मौसम शुष्क ही रहेगा और किसी तरह की चेतावनी नहीं हैं.

## सोनभद्र 5 बच्चों की मां पर चढ़ा इश्क का भूत, पति–बच्चों को छोड़ प्रेमी के साथ हुई फरार

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसके बाद रिश्तों को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं. यहां के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोहरा गांव एक पांच बच्चों की मां के खुद से कम उम्र के युवक से प्यार हो गया. महिला पर इश्क का ऐसा भूत सवार हुआ कि उसने परिवार, बच्चों और सामाजिक जिम्मेदारियों को ताक पर रख दिया और बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गया.बताया जा रहा है कि महिला लगभग छह महीने से उस युवक के संपर्क में थी, जिसके बाद दोनों का प्रेम प्रसंग शुरू हो गया. परिजनों और बच्चों ने महिला को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही. लाख मिन्नतों पर भी महिला पर कोई असर नहीं हुआ. और फिर मौका देखते ही महिला बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई. इस पूरे घटनाक्रम के बाद गांव और आस–पास के इलाकों में चर्चा तेज है, महिला की बड़ी बेटी ने बताया कि उसकी मां अक्सर उसी इलाके में जाती थी, जहां उसका प्रेमी रहता है. उसके चाचा का भी वहीं मकान है. इसी दौरान मां की जान–पहचान पड़ोस में रहने वाले युवक से हुई, जो उम्र में उससे छोटा है. कुछ महीनों के भीतर ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं, जिसके बाद मां सारे बच्चों को बेसहारा छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई है.. पीड़ित परिवार ने अब इस संबंध में स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से मदद मांगी है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लेगों से पूछताछ की है. फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है और फरार महिला व उसके प्रेमी की तलाश की जा रही है. इस घटना के बाद हर कोई इसे लेकर चर्चा कर रहा है.

## कैंसर से पीड़ित दादी को जंगल में छोड़ भाग गया पोता, कूड़े के ढेर पर मिली 70 साल की महिला

महाराष्ट्र के मुंबई में कैंसर रोगी अपनी दादी को आरे कॉलोनी के पास जंगल में छोड़ने के आरोप में 33 साल के एक व्यक्ति और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने यह जानकारी दी. लगभग 70 साल की महिला 22 जून की सुबह एक कूड़े के ढेर के पास पायी गयी थी और उसकी हालत खराब थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया.पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में बुजुर्ग महिला के 33 साल के पोते सागर शेवाले, 70 साल के बहनोई बाबासाहेब गायकवाड़ और 27 साल के ऑटो रिक्शा चालक संजय कादरेशम को कथित तौर पर महिला को उस स्थान पर छोड़ते हुए देखा गया, जहां वह मिली थी.अधिकारी ने बताया कि तीनों को बुधवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य) और माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया.स्थानीय लोगों ने सुबह 8रू30 बजे के यशोदा दिखीं थीं. तुरंत पुलिस को खबर की गई. वह गुलाबी नाइट ड्रेस और ग्रे पेटीकोट पहने हुई थी. उनकी आंखों में एक ऐसी बेबसी थी, जो किसी भी इंसान को विचलित कर सकती थी. संक्रमण की बदबू हवा में फैली हुई थी, और उसका शरीर इतना कमजोर था कि वह खुद को संभाल नहीं पा रही थी.सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि आरोपी बोरीवली निवासी महिला को 21 जून की रात को पहले नगर निगम द्वारा संचालित शताब्दी अस्पताल ले गए, लेकिन जब अस्पताल के अधिकारियों ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया, तो वे उसे आरे जंगल में ले गए और वहां छोड़ दिया. अधिकारी ने बताया कि महिला का इलाज अब शहर के जुहू इलाके में स्थित सरकारी कूपर अस्पताल में किया जा रहा है.

## इटावा मामले को लेकर हो रही सियासत पर भड़के देवकीनंदन ठाकुर

इटावा में कथावाचकों के मामले पर जमकर सियासत हो रही है. समाजवादी पार्टी कथावाचकों से हुई मारपीट को लेकर खुलकर सामने आ गई है. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दोनों कथावाचकों को पार्टी दफ्तर में बुलाकर उनका सम्मान किया और कथावाचन भी कराया. जिसके बाद ये मामला अब और गर्मा गया है. इस मामले पर अब देवकीनंदन ठाकुर का भी बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि हम तो सनातन को जोड़ने का काम कर रहे हैं. इटावा में जो हुआ वो ठीक नहीं है. किसी सनातनी की चोटी काटना गलत है. प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन महाराज ने भी इटावा में कथावाचकों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की लेकिन इसके साथ ही इस मामले पर हो रही सियासत के लिए राजनेताओं को जमकर खरी खोटी सुनाई. उन्होंने कहा कि ष्मैं सनातन के लिए काम कर रहा हूं, सभी सनातनियों को जोड़ने काम कर रहा हूं, जहां तक चोटी काटने की बात है तो ये गलत है. किसी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए. ये ठीक नहीं है. उन्होंने कहा कि हम तो हमेशा इस बात इसका प्रचार करते है कि सभी लोग तिलक लगाओ, चोटी रखो, कलावा बांधों, गले में कंठी पहनो और सनातन धर्म का प्रचार करो. हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है. किसी भी सनातनी की चोटी काटना ठीक नहीं है. उन्होंने इस मामले पर हो रही सियासत को लेक सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग जातियों पर राजनीति करते हैं ये बड़े–बड़े नेता तब कहां गए थे जब मथुरा में एक टेंपो वाले ने कई लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया था. ये लड़कियां तो हर जाति से थी. देवकीनंदन ने सवाल उठाया कि क्या एक पुरुष का मान सम्मान स्त्री के मान सम्मान से ज्यादा है. जब लोग मूत्र जिहाद करते हैं थूक जिहाद करते हैं तो वो ये नहीं सोचते कि पंडित ही उसका सेवन करेंगे, वो सबके लिए ऐसा करते हैं, तब क्यों नहीं इन जिहादियों के खिलाफ लोग आगे नहीं आते हैं. हम चाहते हैं कि धर्म की स्थापना के लिए सब लोग आगे आएं. मैं सबका भला चाहता हूं और इस देश का भला चाहता हूं. जहां तक कथा की बात है तो वो कोई भी कह सकता है लेकिन कुछ अनुष्ठान हैं जो कर सकता है उन्हें ही करने चाहिए. हमारे यहां तो मुस्लिम भी कथा करके गए हैं. हमने उन्हें भी स्वीकार किया है.

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास परिंदा नहीं मार पाएगा पर

यूपी के गोरखपुर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार 27 जुलाई को दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचेंगे और राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को परखेंगे. राष्ट्रपति 30 जून को दोपहर 3 बजे गोरखपुर आएंगी. वे यहां पर एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पहले दीक्षांत समारोह में मेधावियों को उपाधि और मेडल प्रदान करेंगी. 1 जुलाई को वे महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोक. ार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंच. ेंगी. यहां जर्मन हैंगर के साथ 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है. सर्किट हाउस से पिपरी गांव 31 किमी का सफर वे सड़क मार्ग से करेंगी. उनकी सुरक्षा को देखते हुए पुलिस के आलाधिकारियों समेत 4 हजार पुलिसक. र्मियों की ड्यूटी लगाई गई है.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर 30 जून को दोपहर 3 बजे गोरखपुर पहुंचेंगी. वे यहां एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के पहले दीक्षांत समारोह में मेधावियों को उपाधि और मेडल प्रदान करेंगी. 1 जुलाई को सुबह 11 बजे वे गोरखपुर के सर्किट हाउस से सड़क मार्ग से होते हुए 31 किलोमीटर का सफर कर भटहट से 3 किमी बांस स्थान फोरलेन पर पिपरी गांव में कार्यक्रम पर पहुंचेंगी. उनके कार्यक्रम को लेकर चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है. सुरक्षा को देखते हुए लखनऊ से एटीएस और खुफिया एजेंसियों के साथ आसपास के जिलों की पुलिस को भी ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा.गोरखपुर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय दौरे को देखते हुए जमीन से आसमान तक सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम रहेंगे. पांच बड़े ड्रोन से राष्ट्रपति के मार्ग की निगरानी भी की जाएगी. राष्ट्रपति 30 जून को एयरपोर्ट पर आगमन के बाद एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हा. ेंगी. उनकी सुरक्षा को देखते हुए खुफिया विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ पुलिसकर्मियों को भी सिविल ड्रेस में तैनात किया जाएगा. ये लोगों के बीच और उनके आगमन के रास्ते पर तैनात रहेंगे.राष्ट्रपति की सुरक्षा को देखते हुए 8 एसपी, 13 एएसपी, 35 सर्किल ऑफिसर, 35 थानेदार, 70 इंस्पेक्टर, 442 दरोगा, 2455 हेड कांस्टेबल, 40 महिला दरोगा, 220 महिला सिपाही, 13 यातायात इंस्पेक्टर, 50 यातायात दरोगा, 145 यातायात हेड कांस्टेबल, 263 यातायात कांस्टेबल, दो कंपनी पीएसी, दो टीम एटीएस, सात एलआईयू इंस्पेक्टर, 36 एलआईयू दरोगा, 19 एलआईयू महिला दरोगा, 44 एलआईयू हेड कांस्टेबल, 43 एलआईयू महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया है.राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू 30 जून को दोपहर 3 बजे के करीब विशेष विमान से एयरपोर्ट पर पहुंच. ेंगी. इसके बाद वे सड़क मार्ग कूड़ाघाट, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज होते हुए सर्किट हाउस पहुंचेंगी. इसके बाद 1 जुलाई को उन्हें गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोक. ार्पण करने के लिए सड़क मार्ग से जाना है. अभी तक तय हुए संभावित मार्ग के अनुसार राष्ट्रपति पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, असुरन, मेडिकल कालेज, भटहट, बा. ंसस्थान होते हुए पिपरी गांव स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पहुंचेंगी.कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह सोनबरसा, महुआतर ओव. रब्रिज, महेसरा ताल, बरगदवा होते हुए गोरखनाथ मंदिर आएंगी. इसको देखते हुए ही सुरक्षा का प्लान तैयार किया गया है. कार्यक्रम स्थल और मार्ग पर अलग–अलग सुरक्षा प्लान तैयार कर ड्यूटी चार्ट तैयार करने के साथ ही आसपास के जिलों से करीब डेढ़ हजार फोर्स की मांग की गई है. कार्यक्रम संपन् होने के बाद वह सा. `नबरसा, महुआतर ओवरब्रिज, महेसरा ताल, बरगदवा होते हुए गोरखनाथ मंदिर आएंगी. इसको देखते हुए ही सुरक्षा का प्लान तैयार किया गया है.

## इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम दहाड़ने को तैयार, टी20 सीरीज से होगी दौरे की शुरुआत, 28 को खेला जाएगा पहला मुकाबला

भारतीय महिला क्रिकेट टीम लिमिटेड ओवर की सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड पहुंच चुकी है. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड में 28 जून से 22 जुलाई तक सीरीज खेलेगी. टीम इंडिया को 5 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है. इस साल सितंबर में महिला टी20 विश्व कप का आयोजन होना है. वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद अहम है. टीम इंडिया इस सीरीज के जरिए अपनी बेस्ट इलेवन कॉम्बिनेशन को तलाश सकती है. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम में कप्तान के अलावा शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना जैसी बेहतरीन खिलाड़ी हैं जो अकेले अपने दम पर मैच जिताने का दमखम रखती हैं.भारतीय महिला क्रिकेट टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच 30 टी20 मुकाबले खेले गए हैं.इस दौरान इंग्लैंड ने 22 मैचों में जीत दर्ज की है जबकि भारत के हिस्से में 8 जीत आए हैं.आंकडों में इस तरह से मेजबान का पलड़ा भारी है. टीम इंडिया की गेंदबाजी अटैक् में रुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा मौजूद हैं. टी20 विश्व कप 2025 का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा. दोनों देशों के कुल पांच शहरों में मैचों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बेंगलुरु, विशाखापत्तनम, इंदौर, गुवाहाटी और कोल. ंबो शामिल हैं. मेजबान भारत का सामना 24 सितंबर को बेंगलुरु में 2022 के उप. विजेता इंग्लैंड से होगा, जिसके तीन दिन बाद गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका से भारतीय महिलाएं टकराएंगी.भारत महिला बनाम इंग्लैंड महिला टी20 शेड्यूल पहला टी20 दृ 28 जून दृ नॉटिंघम दृ शाम 7:00 बजे दूसरा टी20 दृ 1 जुलाई दृ ब्रिस्टल दृ रात 11रू00 बजेतीसरा टी20 दृ 4 जुलाई दृ द ओवल दृ रात 11:05 बजे चौथा टी20 दृ 9 जुलाई दृ मैनचेस्टर दृ रात 11रू00 बजेपांचवां टी20 दृ 12 जुलाई दृ बर्मिंघम दृ रात 11:05 बजेवनडे सीरीज शेड्यूल पहला वनडे दृ 16 जुलाई दृ साउ. थेम्प्टन दृ शाम 5रू30 बजेदूसरा वनडे दृ 19 जुलाई दृ लॉर्ड्स दृ दोपहर 3:30 बजेतीसरा तीसरादृ 22 जुलाई दृ चेस्टर–ले–स्ट्रीट दृ शाम 5:30 बजेइंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप–कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे.हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप–कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे

# शादी के अगले दिन 2 लाख रूपए लेकर दुल्हन फरार हाथरस में झारखंड की महिला ने दिया धोखा, 23 जून को हुई थी शादी

हाथरस के सादाबाद में एक दुल्हन ने अपने पति और ससुराल वालों को धोखा दिया। झारखंड की रहने वाली दुल्हन शादी के अगले दिन दो लाख रुपए लेकर फरार हो गई। इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना 23 जून की है। सादाबाद के एक मैरिज होम में सादाबाद के एक युवक की 23 जून को शादी संपन्न हुई थी। अगले दिन यानी 24 जून की सुबह जब परिवार के सदस्य उठे, तो दुल्हन घर में नहीं मिली। जांच में पता चला कि वह घर से करीब दो लाख रुपए भी साथ ले गई।पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल पीड़ित परिवार ने इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फरार दुल्हन की तलाश की जा रही है। हालांकि अभी पुलिस खुलकर कुछ भी नहीं बता रही।

## हाथरस में मौसम के बदलते मिजाज से बच्चों में बीमारियां बढ़ रही

हाथरस में मौसम के बदलते मिजाज से बच्चों में बीमारियां बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन डेढ़ हजार मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। इनमें 150 से 200 बच्चे शामिल हैं।महिला अस्पताल की एसएनसीयू वार्ड में रोजाना 40 से 50 बच्चे डायरिया और त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी ऐसे मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। चिकित्सक इन बच्चों का उपचार कर उनके अभिभावकों को बचाव की सलाह भी दे रहे हैं।खानपान का रखें विशेष ध्यान जिला महिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम के अनुसार, गर्मी और बारिश के कारण बढ़ी उमस से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। इस समय बच्चे सबसे ज्यादा डायरिया और स्किन संबंधी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं।उन्होंने अभिभावकों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। बच्चों को बारिश में न भीगने दें। खान–पान का विशेष ध्यान रखें। बासी भोजन न दें। बीमारी के लक्षण दिखते ही तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। धूप और मच्छरों से बच्चों का बचाव करें।

## सादाबाद में युवक पर जानलेवा हमला गोली मारने का लगाया आरोप, मेडिकल रिपोर्ट में सिर्फ ब्लेड के निशान मिले

उत्तर प्रदेश के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव धानौटी में एक युवक पर कथित हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक रवि ने आरोप लगाया है कि गांव के ही राहुल, पवन, अशोक और एक अज्ञात व्यक्ति ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर हमला किया।रवि के अनुसार, आरोपियों ने पहले उसकी कनपटी पर तमंचा लगाया और फिर पैर पर गोली मार दी। उसके चिल्लाने पर ग्रामीण एकत्र हुए और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।हालांकि, सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने इस मामले को संदिग्ध बताया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सीय रिपोर्ट में गोली लगने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। रिपोर्ट में केवल ब्लेड से कटे हुए निशान दर्ज किए गए हैं।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जांच के बाद ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नशा मुक्ति में एएमयू के छात्र बन रहे हैं समाज की मिसाल–डॉ.राजीव अग्रवाल

अलीगढ़।ष्नशा मुक्त भारत–नशा मुक्त कैंपसष्अभियान के अंतर्गत अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 12 से 26 जून तक आयोजितष्नशा मुक्ति पखवाड़ाष्का समापन एएमयू हॉकी ग्राउंड पर एक प्रभावशाली संगोष्ठी के साथ हुआ।कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों, प्रशिक्षकों,अधिकारियों और छात्रों ने नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी गेम्स कमेटी के सचिव प्रो.सैय्यद अमजद अली रिजवी के नेतृत्व में हुआ और अध्यक्षता एएमयू ई सी सदस्य प्रोफेसर मो. इनुद्दीन ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.पूर्व महापौर प्रत्याशी डॉ.राजीव अग्रवाल मौजूद रहे।वहीं डॉ.अग्रवाल ने कहा कि देश का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय जब नशे के विरुद्ध खड़ा होता है,तो वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता है जबकि एएमयू के छात्र जिस प्रतिबद्धता से इस मुहिम में शामिल हैं वह अत्यंत सराहनीय है।प्रो.मोइनुद्दीन ने अपने वक्तव्य में कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं पूरे समाज को प्रभावित करता है।ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका बेहद अहम हो जाती है।मुख्य वक्ताओं में प्रो. गुलाम सरवर हाशमी (दंत रोग विशेषज्ञ), प्रो.मजहर अब्बास(हड्डी रोग विशेषज्ञ) और प्रो.एफ.एस.शीरानी(यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ)ने नशे से होने वाले शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रशिक्षक मजहरूल कमर ने कहा कि सरकार को चाहिए कि पखवाड़ा अवधि में शराब की दुकानों को बंद रखने व सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की नीति बनाए।उन्होंने बताया कि जिम्नेजियम,योग एवं फिटनेस क्लब के माध्यम से एएमयू छात्रों को प्रतिदिन स्वास्थ्य और अनुशासन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद अनस,डॉ.शमशाद आलम,डिप्टी डायरेक्टर अनीसुर रहमान,असिस्टेंट डायरेक्टर अरशद महमूद,योगाचार्य हामिद अली,मोहम्मद अहमद,प्रशिक्षक खुसरो मारूफ,स्विमिंग कोच शुऐब,फुटबॉल कोच जमीर चौधरी सहित अनेक छात्र और छात्राओं ने भाग लिया।अंत में प्रोफेसर मो. इनुद्दीन और डॉ.राजीव अग्रवाल ने संयुक्त रूप से उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## हाथरस में विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम सदर को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा

हाथरस में विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम सदर को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर की रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर चिंता जताई गई है। वर्तमान में नगर में रात के समय केवल एक सरकारी अस्पताल कार्यरत है। वह भी मात्र रेफर सेंटर के रूप में काम करता है। विहिप ने मांग की है कि रात्रि में कम से कम दो निजी अस्पताल खुले रहने चाहिए।इससे आपातकालीन स्थिति में लोगों को प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। संगठन ने रात में एक या दो मेडिकल स्टोर खुले रखने की भी मांग की है। इसके अलावा एक गंभीर मुद्दा पेट्रोल पंप का भी उठाया गया है। रात में कोई भी पेट्रोल पंप नहीं खुलता है। विहिप ने कम से कम एक पेट्रोल पंप को 24 घंटे चालू रखने की मांग की है। इससे आपात स्थिति में मरीजों को बाहर ले जाने में सुविधा होगी।ज्ञापन देने वालों में कैलाश कूलवाल, गोपाल कृष्ण शर्मा, प्रवीण खंडेलवाल, हर्षित गौड़, दीपू वार्ष्णेय, राहुल चौधरी, अनमोल अग्निहोत्री, कृष्णा, नवीन, नैतिक, तरुण और अभिषेक उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## हाथरस में राज्य निगरानी समिति की सदस्य का दौरा राधा वाल्मीकि ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश की राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य राधा वाल्मीकि ने आज हाथरस का दौरा किया। राधा वाल्मीकि ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में नगरपालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक में नगरपालिका के ईओ और सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे। सफाई कर्मचारी भी इस बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर कुछ सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं भी उनके समक्ष रखी। समिति की सदस्य ने सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि हाथरस में सफाई की व्यवस्था उचित है।सभी सफाई कर्मियों को समय पर वेतन दिया जा रहा है। कुछ अन्य व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी निर्देश दिए गए। इस दौरान राधा वाल्मीकि ने शहर की मलिन बस्तियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की स्थिति का जायजा लिया।

## हाथरस डीएम के ड्राइवर की बेटी का मर्डरशादी से इन्कार पर की थी कल्पिता की हत्या, मुख्य आरोपी दबोचा

हाथरस में पुलिस ने डीएम के ड्राइवर की बेटी कल्पिता की हत्या करने वाले एक लाख के इनामी आरोपी गुलशन का दावा है कि कल्पिता के साथ उसके 5 साल से प्रेम संबंध था। उसने यह भी दावा किया 3 साल पहले दोनों ने हाथरस के बिसाना स्थित तारागढ़ मंदिर में शादी भी कर ली थी। इस दौरान कल्पिता एक लड़के से बातचीत करने लगी थी। गुलशन ने खुद को बेकसूर बताया है।14 जून को हाथरस सदर तहसील के सामने डीएम के ड्राइवर राकेश की बेटी कल्पिता की कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। राकेश ने इस मामले में अपनी पुत्रवधू ज्योति, ज्योति के बॉयफ्रेंड गुलशन, गुलशन के दोस्त नवीन, ज्योति की हुआ गायत्री और ज्योति की बुआ के बेटे सूरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।उन्होंने कहा था कि गुलशन के अवैध संबंध उनकी पुत्रवधू ज्योति से थे। पूरा परिवार इसका विरोध करता था। इसी बात पर गुलशन निवासी कस्बा सादाबाद ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी बेटी की हत्या की थी। गुलशन ने वर्ष 2023 में उनके घर से रिवाल्वर भी चुराई थी। पुलिस ने इस मामले में बीती रात एनकाउंटर में गुलशन को गिरफ्तार कर लिया था और उसके कब्जे से चुराई गई लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद की थी।इससे पहले पुलिस इस मामले में तीन अन्य आरोपियों नवीन, अभिषेक और भारत को भी गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का कहना था कि कल्पिता का रिश्ता तय हो गया था और गुलशन उस पर जबरन शादी का दबाव बना रहा था। वह उससे एकतरफा प्यार करता था। कल्पिता ने जब उससे शादी से इनकार कर दिया तो गुलशन ने उसकी कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी हत्या कर दी।अलीगढ़ जेल में बंद है अभिषेक इधर, गुलशन का दावा है कि कल्पिता से उसके 5 साल से प्रेम संबंध थे। उसकी भाभी ज्योति से भी उसकी बातचीत होती थी। कल्पिता ने 3 साल पहले उससे मंदिर में शादी भी की थी। पिछले कुछ समय से उससे बातचीत नहीं कर रही थी। हालांकि गुलशन ने यह भी कहा है कि कल्पिता की हत्या उसने नहीं की। उसकी हत्या अभिषेक ने की है।

## हाथरस में भारतीय स्टेट बैंक की आगरा रोड स्थित मुख्य शाखा पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

हाथरस में भारतीय स्टेट बैंक की आगरा रोड स्थित मुख्य शाखा पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था।जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने शिविर का संचालन किया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया। बैंक कर्मचारियों ने भी इस पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि रक्तदान से किसी की जीवन रक्षा होती है। स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। बैंक के अधिकारियों ने कहा कि आज बैंक का स्थापना दिवस है। ऐसे में विभिन्न शाखों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में यहां भी यह रक्तदान सिविल लगाया गया है।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद शिविर में क्षेत्रीय प्रबंधक निरंजन मीणा, मुख्य प्रबंधक हाथरस शाखा गौतम कौशल कुमार उपस्थित रहे। उप प्रबंधक संदीप कुमार, नितांत शर्मा, अशोक यादव, पुष्पेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

## मीट फैक्टरी के टैंक में गिरकर दो मजदूरों की मौत, लाश जिला अस्पताल में छोड़कर भागे कंपनी वाले

मीट फैक्टरी में काम कर रहे दो मजदूर इमरान और आसिफ की टैंक में गिरकर मौत हो गई। दोनों को मृतक अवस्था में फैक्टरी वाले जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उन लाशों को छोड़क वे भाग गए।अलीगढ़ की एक मीट फैक्टरी के टैंक में गिरकर दो मजदूरों की मौत हो गई। फैक्टरी वाले दोनों मृतकों की लाश को जिला अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।रोरावर थाना अंतर्गत एचएमए मीट फैक्टरी में काम कर रहे भुजपुरा निवासी दो मजदूर इमरान और आसिफ की टैंक में गिरकर मौत हो गई। दोनों को मृतक अवस्था में फैक्टरी वाले जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उन लाशों को छोड़क वे भाग गए। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी हुई वह जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने ठेकेदार पर जोर– जबरदस्ती से युवकों से काम करने का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि कल रात फोन आया कि फैक्टरी आना है। वह जाना नहीं चाहते थे, पर उन्हें धमका कर काम पर बुलाया गया। रात में दोनों की मौत हो गई। सुबह फैक्टरी वाले जिला अस्पताल में लाश फैंक कर भाग गए।

## हाथरस में प्रशासन ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की



हाथरस में प्रशासन ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कलेक्ट्रेट सभागार में अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। मोहर्रम की तिथि संभावित रूप से 6 जुलाई को है। और कांवड़ यात्रा 10 जुलाई से शुरू होगी।यात्रा 10 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान श्रावण पर्व, शिवरात्रि, नाग पंचमी और रक्षा बंधन भी मनाए जाएंगे। कांवड़ियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं की जाएंगी। मार्ग पर जगह–जगह सुविधाओं के लिए संकेतक लगाए जाएंगे। कांवड़ियों के लिए अलग लेन की मार्किंग की जाएगी। शिविरों की स्थापना ऐसी जगह की जाएगी, जहां कांवड़ियों को सड़क पार न करनी पड़े।प्रशासन ने कांवड़ मार्ग पर मदिरा और मांस की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। शिव मंदिरों में नियमित साफ–सफाई की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायतराज अधिकारी और शहरी क्षेत्र में नगर निकाय साफ–सफाई और बिजली की व्यवस्था करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को कांवड़ यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**कामाख्या माता के दर्शन करने के इच्छुक भक्त अलीगढ़ में भी उनके दर्शनों का लाभ** उठा सकते हैं क्योंकि इन दिनों मैया के दरबार में मेला लगा हुआ है और उनके भक्त अपनी माता के दर्शनों को प्रतीक्षा में बाहर भजन कीर्तन करते हुए मैया को मना रहे हैं।हम बात कर रहे हैं महानगर के मेलरोज बाईपास स्थित माता कामाख्या मैया के मंदिर की जहां पर माता का अंबुबाची महोत्सव पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है और इसी क्रम में यहां पर विगत दिवस हवन यज्ञ और फूल बंगला का आयोजन किया गया। वहीं इस मंदिर के एक सेवादार ने इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों मातारानी का अंबुबाची महोत्सव मनाया जा रहा है और इस दौरान बाईस तारीख को मैया के पट बंद हुए थे जो अब छब्बीस तारीख को खुलेंगे और इस बीच प्रतिदिन मातारानी की पूजा अर्चना के कार्यक्रम अनवरत जारी रहेंगे।आपको बता दें कि इस मंदिर में भी माता कामाख्या के दर्शनों का लाभ प्राप्त होता है और यहां पर भी सभी श्रद्धालु नियमित रूप से माता रानी का आशीर्वाद लेने के लिए आते हैं।आयोजन किया गया। अजय कुमार कामाख्या, अमित कामाख्या, अंकुर कामाख्या, विशाल कामाख्या, श्याम भैया, गणेश वार्ष्णेय, सुमित विक्रमादित्य, राजीव, देवेंद्र उपाध्याय उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राएं पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृति के लिए 02 जुलाई से 30 अक्टूबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा शैक्षणिक सत्र 202526 में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल. कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जिले के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रछात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन किए जाने के लिए 02 जुलाई से 30 अक्टूबर तक की समयावधि निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शिक्षण संस्थान आवेदन पत्र को 03 जुलाई से 06 नवंबर तक ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि योजना के विस्तृत दिशानिर्देश एवं समय सारिणी`बीवसंतीपच.नच.हवअ.पद वेबसाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस एवं कार्यालय समय में विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय कमरा नं0 07 में संपर्क किया जा सकता है।

# अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोध दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए विधिक साक्षरता शिविर



अलीगढ़ जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के दिशा निर्देशन में गठित ड्रग एब्यूज वॉर्निंग नेटवर्क कमेटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पराविधिक स्वंय सेवकगणों द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पं0 दीन दयाल उपाध्याय उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के मीटिंग हॉल में एएनएम के मध्य विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साक्षरता शिविर में उपस्थित दीनदयाल उपाध्याय के मेडीकल अफसर मनोज कुमार शर्मा व पराविधिक स्वंय सेवक सत्य प्रकाश गोयल, श्रीमती सोनम कुमारी, अभिषेक नायक, अरविन्द पाठक एवं योगेन्द्र कुमार द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग से उस व्यक्ति व समाज में पडने वाले असर को बताया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केन्द्रों के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थितजनों को शपथ दिलाई गई कि श्हम सब शपथ लेते है कि भारत को नशा मुक्त देश बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और भारत को नशा मुक्त देश बनायेंगेश्। नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कमेटी के सदस्यनरेन्द्र कुमार, पराविधिक स्वयं सेवक सुश्री नीतू राजपूत द्वारा तहसील अतरौली के ग्राम नगला जाटवान में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। शि. विर में बताया गया कि नशीली दवाओं यथा– गांजा, डायजापॉम, चरस, हिरोईन इत्यादि का उपयोग युवाओं में बहुत तेजी से फैल रहा है इन नशीली दवाओं के उपयोग से व्यक्ति के न केबल शरीर पर प्रभाव पडता है बल्कि उसकी कार्य करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत के प्रभाव में व्यक्ति अपने घर के सामान को भी बेचना शुरू करता है और आपराधिक गतिविधियों में सम्मलित हो जाता है। इन सबके परिणाम स्वरूप उसका परिवार एक त्रासदी से ग्रस्त हो जाता है।इसी क्रम में पराविधिक स्वंय सेवकगण द्वारा कोल तहसील के ग्राम इलियासपुर थाना बन्नादेवी, में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पराविधिक स्वंय सेवक अरविन्द पाठक द्वारा ग्राम के वृद्धजन, युवा पुरूष, बच्चें एवं महिलाओं को 26 जून अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोध दिवस की जानकारी देते हुये अवगत कराया कि नशा केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की समस्या है भारत में नशाखोरी अर्थात तम्बाकू, शराब एवं ड्रग्स की समस्या विशेष रूप से युवाओं में तेजी से फैल रही है अधिकतर लोग नशे के उपयोग के लिए गांजा, हेरोइन, अफीम, ब्राउन शुगर जैसी प्रतिबन्धित नशीली चीजों का प्रयोग करते है जिसके परिणाम स्वरूप उनमें स्वास्थ्य सम्बधी समस्या उत्पन्न होती है। उस व्यक्ति का अपने दिमांग पर कोई नियन्त्रण नहीं होता है नशे के प्रयोग से धीरेधीरे व्यक्ति को नशे की लत पड जाती है जिसके परिणामस्वरूप वह आपराधिक गतिविधियों में सम्मलित हो जाता है एवं उसका परिवार पूरी तरह से बिखर जाता है। हम सबकी यह जिम्मदारी है कि हम नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करें। नशे के उन्मूलन के लिए परिवार दोस्तों और समाज को जागरूक करे व नशे के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी सबको अवगत करायें। हम सब का एक ही लक्ष्य है कि भारत को नशा मुक्त भारत बनायेंगे। इसके साथ ही कम्पनी बाग पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मजदूर वर्ग के लोगो के मध्य भी पराविधिक स्वंय सेवकों श्रीमती आभा वार्ष्णेय, श्रीमती सईदा खातून एवं श्रीमती नीरजा सिंह द्वारा भी नशीली दवाओं के विरूद्ध विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रवृत्ति में लगने वाले आय प्रमाण पत्र के संबंध में सभी शिक्षण संस्थानों से साझा की जानकारी

अलीगढ़ जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन पत्र में लगाये जाने वाले आय प्रमाण पत्र के संबंध में कुल सचिव एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी राजा महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, मंगलायतन विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य निदेशक कालेज, मेडीकल, बीएड0, बीटीसी, पॉलीटैक्निक, फार्मेसी, आईटीआई, इन्टरमीडिएट एवं माध्यमिक विद्यालय को पत्र के माध्यम से विस्तृत जानकारी साझा की है।उन्होंने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 202526 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी छात्रछात्राओं के लिए शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से लाभान्वित करने के लिए शासन द्वारा आवेदन करने के लिए समय सारिणी निर्गत की गई है। नियमावली में दी गयी व्यवस्था के अनुसार छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन में लगने वाला आय प्रमाण छात्रछात्रा के पिता का एवं पिता के न होने की स्थिति में माता का या मातापिता दोनों के जीवित न होने की दशा में संरक्षक का मान्य होगा। छात्रा के विवाहित होने की स्थिति में पिता के स्थान पर उसके पति का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। उन्होंने अपेक्षा की है कि उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार उल्लिखित निर्देशों का पालन करने का कष्ट करें।

# अलीगढ़ स्टील फर्नीचर लॉक्स एंड हार्डवेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

अलीगढ़ |अलीगढ़ स्टील फर्नीचर लॉक्स एंड हार्डवेयर एसोसिएशन द्वारा नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मैरिस रोड स्थित एक होटल में किया गया |कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अरविंद बंसल ने ईश वंदना करके किया और कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पुनीत अग. वाल ने किया |इस अवसर पर अध्यक्ष अर. विंद बंसल,महामंत्री पुनीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीन बंसल,पवन पराग एवं एस. सी मित्तल को उपाध्यक्ष,विक्रांत गर्ग को संयुक्त महामंत्री,पंकज अग्रवाल एवं राजेंद्र अग्रवाल को सचिव,अनिल वार्ष्णेय ऑडिटर,पी.पी.मित्तल मीडिया कॉर्डिनेटर, राकेश गर्ग,मनीष अग्रवाल,पंकज कुमार जैन,सुगम अग्रवाल,डी.के.अरोरा को कार्यकारिणी सदस्य,सी.एस.शर्मा,अनिल नवरंग,संदीप अग्रवाल,राकेश मित्तल,के. के. जौहरी को संरक्षक पद की शपथ ग्रहण कराई और इसके बाद संरक्षकों, मार्गदर्शक. ों,निवर्तमान पदाधिकारिगणों का सम्मान किया गया |उसके बाद नवीन सदस्यों का परिचय एवं सम्मान किया गया |महामंत्री पुनीत अग्रवाल एवं संयुक्त महामंत्री विक्रांत गर्ग ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया |इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद बंसल ने केंद्र सरकार से अलीगढ़ से सीधी दक्षिण भारत को ट्रेन चलाने की मांग की और कहाकि बी.आई. एस.की जटिलताओं और पेचीदगियों की पूर्ति कर पाना और व्यावसायिक प्रतिद्वंदता पर खरा उतर पाना संभव नहीं है |इससे लघु उद्योगों पर खतरा है और भारतीय सामान चाइनीज सामान से महंगा हो जाएगा,उसके बाद संरक्षक और निवर्तमान पदाधिकारियों ने अपने आशीर्वचन दिए और संस्था द्वारा तीन सदस्यों को समयबद्धता पुरस्कार दिए गए।

# मा0 श्री कपिल देव अग्रवाल ने राजकीय आईटीआई का किया निरीक्षण

अलीगढ़रू मा0 मंत्री व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित प्रदेश सरकार एवं टाटा टेक्नोलॉजी लि0 के सहयोग से निर्मित कौशलम केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने संस्थान में उपलब्ध अधोसंरचना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति एवं प्लेसमेंट से संबंधित व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लियामा0 मंत्री जी ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने आधुनिक तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता, स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था, कौशल विकास के नए पा. ठ्यक्रमों को शामिल करने औरउद्योगों से समन्वय स्थापित कर रोजगार के अधिक अवसर उपलब्धराने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशानिर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर की साफसफाई, प्रयोगशालाओं की स्थिति और सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की गईमा0 मंत्री जी ने कहा कि सकार की मंशा है कि तकनीकी शिक्षा संस्थान केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनें उन्होंने कहा कि युओं को हुनरमंद बनाकर राष्ट्र



निर्माण में सहभागी बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसी उद्देश्य के तहत संस्थान की कार्यप्रणाली को और अधिक दक्ष व प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि संस्थान के प्रशिक्षार्थियों का भ्रमण जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों, अधिष्ठानों में कराया जाए और औद्योगिक अधिष्ठानों के प्रतिनिधियों व माननीय जनप्रतिनिधियों को संस्थान में आमंत्रित कर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी व विचार विमर्श करके संस्थान में और उच्च श्रेणी का प्रशिक्षण प्रशिक्षार्थियों को प्रदान करने के लिए सहयोग लिया जाए।निरीक्षण के दौरान मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर, मा0 महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा श्री धम. 'वीर सिंह लोधी, मण्डल अध्यक्ष सुभाष शुभानु समेत सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (प्रशि०धशिक्षु०) अलीगढ़ मण्डल विनोद कुमार वाजपेई, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजेश गौतम, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अतरौली मो. हित कुमार, एमके लोहिया प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोल, कार्यदेशक दिनेश चन्द्र जोहरी एवं हुकुम सिंह कार्यदेशक उपस्थित रहे।

# बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य महकमा सतर्क, सभी ब्लॉकों में आयरन व फोलिक एसिड की गोली समय पर उपलब्ध

अलीगढ़ जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में एनीमिया की रोकथाम के लिए आयरन व फोलिक एसिड की गोलियों की नियमित उपलब्धता सु. निश्चित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के सभी विकास खंडों में आवश्यकतानुसार आयरन की गोलियां उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने बताया कि बीआरसी स्तर पर बीईओ, बीआरसी टीम के माध्यम से सभी ब्लॉकों के स्कूलों में आयरन की गोलियां समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मार्च 2025 तक के प्राप्त स्टॉक के अनुसार, प्रत्येक ब्लॉक में आगामी महीनों के लिए पर्याप्त मात्रा में गोलियों का भंडारण किया जा चुका है। उदाहरण के लिए अकराबाद को 27 मार्च, छर्रा को 3 मई, जवां को 13 मई, खैर को 14 मई और अन्य विकास खंडों में भी निर्धारित तिथियों पर आई एफ ओ गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।सीएमओ श्री त्यागी ने कहा है कि बच्चों के स्वास्थ्य हितों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिले के सभी स्कूलों में बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड की गोलियां समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि बच्चों के शारीरिक विकास और एनीमिया की रोक. थाम में कोई बाधा न आ सके। उन्होंने यह भी बताया है कि आयरन की गोलियां स्कूलों के माध्यम से वितरण कराई जाती हैं, ताकि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी किशोर एवं किशोरियों को समय से दवा मिल सके। सीएमओ ने सभी अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन से सहयोग की अपील की है ताकि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इस अभियान को सफल बनाया जा सके।

# जिला स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 02 जुलाई से, 15 जुलाई को होगा पुरस्कार वितरण समारोह

अलीगढ़खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिले में जूनियर आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम, रामघाट रोड, अलीगढ़ में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना का विकास करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन ने प्रतियोगिताओं के बारे में बताया है कि हॉकी जूनियर बालक प्रतियोगिता, शूटिंग जूनियर बालक प्रतियोगिता 02 जुलाई, एथलेटिक्स जूनियर बालक बालिका प्रतियोगिता 03 जुलाई, कुश्ती जूनियर बालक प्रतियोगिता 04 जुलाई, भारा. `त्तोलन जूनियर बालक प्रतियोगिता 14 जुलाई, जिम्नास्टिक जूनियर बालक, बा. लिका प्रतियोगितारू 15 जुलाई को आयोजित की जाएगी उन्होंने यह भी बताया है कि सभी प्रतियोगिताएं प्रातः 10: बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। खेलों का आयोजन महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा, जहाँ जिले के सैकड़ों खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खेल विभाग के अनुसार,15 जुलाई को सायं 4 बजे से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

**सूचना**
**विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें**
**कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़**
**हैल्पलाइन न.**
**8218049162,9870916612**

# कई बीमारियों को दूर भगाती है नीम की पत्ती, सुबह बासी मुंह खाने से मिलेगा फायदा



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग सेहत को नजरअंदाज करते हैं, जिसका सीधा असर हमारी इम्यूनिटी, पाचन और स्किन पर देखने को मिलता है. ऐसे में आयुर्वेद में बासी मुंह (खाली पेट) नीम की पत्ती खाने के कई स्वास्थ्य बताए गए हैं. चरक और सुश्रुत संहिता के मुताबिक, बासी मुंह नीम की पत्ती चबाकर खाना बहुत लाभदायक है. यह मुंह को साफ करने, दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखने और पाचन में सुधार करने में मदद करता है. साथ ही रक्त शोधन और त्वचा के स्वास्थ्य में भी काफी मददगार है.आयुर्वेद के मुता. बिक, नीम एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–फंगल और एंटी–वायरल गुणों से भरपूर है, जो शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करता है. अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट 3–4 कोमल नीम की पत्तियां चबाकर खाते हैं, तो यह शरीर को पेट से जुड़ी समस्याओं से बचाने में मदद कर सकता हैं. अगर आपको गैस, कॉन्स्टिपेशन और ब्लोटिंग जैसी समस्या है तो आप नीम की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं. इसको खाने से पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती.चिकित्सकों के मुता. बिक, नीम के पत्तों में पाया जाने वाला रस ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है. नीम के पत्तों में फ्लावोनोइड्स, ग्लायकोसाइड्स, टेरपेनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व मौजूद रहते हैं, नीम के पत्ते शरीर की कोशिकाओं को इंसु. लिन के प्रति संवेदनशील बनाते हैं, जिससे ब्लड शुगर का स्तर संतुलित रहता है.नीम की पत्ती स्किन को अंदर से डिटॉक्स करती है, जिससे शरीर में मौजूद सारे टॉक्सिन्स निकल जाते हैं और स्किन भी हेल्दी हो जाती है. वहीं, जिनको पिंपल है वह डेली रूटीन में नीम की पत्ती को शामिल कर सकते हैं.नीम खाने से मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है जिसकी वजह से वजन कम करने में मदद मिल सकती है. सुबह खाली पेट नीम की पत्तियां चबाने से लिवर को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है. नीम, लिवर को डिटॉक्स करने में मददगार है.सुबह खाली पेट नीम की पत्तियां चबाने से दांतों की कैविटी से राहत मिल सकती है, ये मुंह की स्वच्छता में भी मददगार हैं. नीम की पत्तियां चबाने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है, मसूड़ों की सूजन कम होती है और दांत मजबूत होते हैं.

## महिलाओं में क्यों हो जाती है आयरन की कमी? जान लीजिए वजह

अक्सर महिलाएं अपने परिवार, बच्चों और काम के बीच खुद की सेहत को भूल जाती हैं. थ्थोड़ी कमजोरी है‟, थ्आजकल थकान ज्यादा हो रही है‟ जैसी चीजें महसूस करने को मिलती है. लेकिन ये बातें मामूली नहीं होतीं. शरीर में आयरन की कमी एक ऐसी समस्या है जो धीरे–धीरे गंभीर रूप ले सकती है और एनीमिया जैसी स्थितियों को जन्म देती है. भारत में हर दूसरी महिला आयरन की कमी से जूझ रही है. लेकिन क्यों होती है ये कमी? चलिए जानते हैं इसके पीछे की असली वजह क्या है. मासिक धर्म हर महीने होने वाला ब्लड लॉस शरीर से आयरन को घटा देता है. जिन महिलाओं की माहवारी भारी होती है, उनमें आयरन की कमी की संभावना और भी अधिक होती है.गर्भावस्था और स्तनपान गर्भावस्था में मां का शरीर न केवल अपने लिए बल्कि बच्चे के लिए भी आयरन की जरूरत पूरी करता है. यदि इस दौरान सही पोषण न मिले, तो शरीर में भारी कमी हो सकती है.संतुलित आहार की कमीआयरन से भरपूर चीजें जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, बीन्स, गुड़, ड्राई फ्रूट्स आदि महिलाएं कम खाती हैं. साथ ही विटामिन ब की कमी के कारण आयरन का अवशोषण भी घटता है. वजन घटाने की डाइट या उपवास फैशन या स्वास्थ्य के नाम पर महिलाएं कभी–कभी ऐसी डाइट फॉलो करती हैं जो शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं देतीं. इससे भी आयरन की कमी हो सकती है. बार–बार प्रेग्नेंसी होनालगातार गर्भधारण से शरीर को रिकवर होने का मौका नहीं मिलता, जिससे आयरन स्टोर खत्म हो जाते हैं.कैसे पूरी करें आयरन की कमीहरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसोंगुड़, चना, किशमिश, खजूर जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थविटामिन ब वाले फल जैसे आंवला, नींबू, संतरा, जो आयरन के अवशोषण में मदद करते हैं महिलाओं की दिनचर्या चाहे कितनी भी व्यस्त क्यों न हो, अपनी सेहत की अनदेखी करना खतरनाक हो सकता है. आयरन की कमी केवल कमजोरी नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों की शुरुआत हो सकती है. इसलिए जरूरी है कि महिलाएं समय रहते अपने खानपान और जीवनशैली पर ध्यान दें.

## मुंह के छालों ने कर रखा है परेशान, तो काम आएंगे ये ५ घरेलू नुस्खे

गर्मियों में हमें अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। जरा सी लाप. रवाही बरतने पर आप बीमार पड़ सकते हैं। इस मौसम में ज्यादातर पेट से जुड़ी दिक्कतें बढ़ जाती हैं। अगर आपका पेट साफ नहीं होगा तो इसका असर आपके चेहरे से लेकर मुंह में नजर आएगा। गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने से कई बीमारियां बढ़ जाती हैं।इन्हीं में से एक समस्या है मुंह में छाले निकलना। आपको बता दें कि पेट की गर्मी के कारण ही मुंह में छाले निकलने लगते हैं। पेट की गर्मी शांत करने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है कि आप खुद को हाइड्रेट रखें। मुंह के छाले को डवनजी न्सबमते भी कहते हैं। ये सुनने में भले ही साधारण लग रहा है लेकिन इसका दर्द इतना भयानक होता है कि न तो आप खा–पी पाते हैं और बोलने में भी दिक्कत होती है।कई बार ये समस्या इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि ला. `गों को डॉक्टर के पास भागना पड़ सकता है। अगर आपको भी गर्मियों में बार–बार मुंह में छाले निकलने की समस्या होती है तो आपको ये लेख जरूर पढ़ना चाहिए। हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर मुंह के छालों को दूर किया जा सकता है। आइए उन घरेलू नुस्खों के बारे में जानते हैं विस्तार से– शहद मुंह के छालों को ठीक करने में शहद काम आ सकता है। ये एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। शहद को कुछ देर के लिए छालों पर लगा दें। इसके बाद कुल्ला कर लें। इससे छाले तेजी से ठीक होते हैं।फिटकरी का पानी आपको बता दें किएंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों से भरपूर फिटकरी छालों को जल्दी ठीक करने में मददगार हो सकता है। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं है। बस सादे पानी में आधा चम्मच के बराबर फिटकरी पाउडर मिला दें और इस पानी से कुल्ला करें। इससे छालों के दर्द से आराम मिलता है। आप दिन में दो बार ये प्रक्रिया अपना सकते हैं।नमकछालों से राहत पाने के लिए नमक एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। ये छालों की सूजन को कम करता है और दर्द से आराम दिलाता है। एक कप गुनगुने पानी में एक चम्मच नमक मिलाकर पानी से कुल्ला करें।दहीदही प्रोबायोटिक होता है। इसे खाने से पेट की गर्मी शांत होती है। जब पेट की गर्मी शांत रहेगी तो छाले भी फटाफट ठीक हो जाएंगे।

नारियल का तेलनारियल का तेल भी मुंह के छालों को ठीक करने के लिए फायदेमंद हो सकता है। ये एक नेचुरल मॉइस्चराइजर है, जो इन्फेक्शन को रोकता है। साथ ही छालों के दर्द से भी निजात दिलाता है। दिन में कम से कम तीन बार नारियल का तेल छालों पर लगाएं।

## जुलाई व्रत–त्योहार २०२५ की लिस्ट, नाग पंचमी, देवशयनी एकादशी, हरियाली तीज कब ?

जुलाई शुरू होते ही व्रत–त्योहारों की झड़ी लगने वाली है. जुलाई में प्रकृति पर हरियाली छा जाती है. बारिश के कारण चारों ओर माहौल खुशनुमा हो जाता है. खास बात ये है कि जुलाई में शिव जी का प्रिय महीना सावन भी आता है, जिसका शिव भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है. इस साल 11 जुलाई से सावन की शुरुआत हो रही है.वहीं जुलाई में सुहागिनों के मुख्य पर्व जैसे हरियाली तीज, सावन सोमवार व्रत, मंगला गौरी व्रत महत्वपूर्ण रहेंगे. इसके अलावा गुरु पूर्णिमा, नाग पंचमी, कोकिला व्रत, मुहर्रम, देवशयनी–कामिका एकादशी आदि व्रत त्योहार कब आएंगे यहां पूरी लिस्ट.6 जुलाई 2025 – देवशयनी एकादशीदेवशयनी एकादशी से देवी देवताओं का शयनकाल शुरू हो जाता है. ये साल की बड़ी एकादशी में से एक है. देवशयनी एकादशी से चार माह तक मांग. लिक कार्य नहीं होते हैं चातुर्मास रहता है. ये 4 महीने जप–तप के लिए बहुत खास हैं.8 जुलाई 2025 – भौम प्रदोष व्रतभौम प्रदोष व्रत मांगलिक दोष से मुक्ति के लिए बहुत खास होता है इस दिन शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल अर्पित करना चाहिए, इससे मंगल देव की कृपा मिलती है.10 जुलाई 2025 – कोकिला व्रत, गुरु पूर्णिमा व्रत, आषाढ़ पूर्णिमाआषाढ़ पूर्णिमा पर वेद व्यास जी का जन्म हुआ था. इस दिन लोग गुरुओं का आशीर्वाद लेते हैं. कहते हैं गुरु के आशीष के बिना जीवन में सफलता नहीं मिलती है. वहीं इस दिन सुखी शादीशुदा जिंदगी और मनचाहा वर पाने की कामना से कोकिला व्रत किया जाएगा. इसके प्रताप से जीवन में खुशियों की बहार आती है.11 जुलाई 2025 – सावन शुरूशिव का प्रिय महीना मनोकामना पूर्ति के लिए सबसे अहम है. इस माह में शिवलिंग का जलाभिषेक करने पर सारे दुख–दरिद्रता दूर हो जाते हैं.14 जुलाई 2025 – पहला सावन सोमवार, गजानन संकष्टी चतुथी. ‘सावन सोमवार को लेकर मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग में भोलेनाथ का वास होता है. इस दिन व्रत करने से सारे मना. `रथ पूर्ण होते हैं. इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बढ़ती है.15 जुलाई 2025 – पहला मंगला गौरी व्रतसावन मास के प्रत्येक मंगलवार को मंगला गौरी व्रत किया जाता है. विवाहित महिलाएं इस व्रत को अपने पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं.16 जुलाई 2025 – कर्क संक्रांतिकर्क संक्रांति से सूर्य का दक्षिणायन शुरू हो जाता है. देव सो जाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा की शक्तियां बढ़ जाती है.21 जुलाई 2025 – दूसरा सावन सोमवार, कामिक एकादशी22 जुलाई 2025 – सावन प्रदोष व्रत23 जुलाई 2025 – सावन शिवरात्रि सावन में सोमवार के बाद प्रदोष व्रत और शिवरात्रि भोलेनाथ की आराधना के लिए सबसे महत्वपूर्ण है. इस दिन कांवड़ यात्रा का समापन होता है. कांवड़िए इसी दिन शिव जी पर जल अर्पित करते हैं. 24 जुलाई 2025 – हरियाली अमावस्या, सावन अमावस्या, गुरु पुष्य योगसावन अमावस्या के दिन पितर की पूजा, पौधा लगाने का विधान है. इससे पूर्वजों की आत्मा तो संतुष्ट होती ही है साथ ही जीवन में अच्छे काल की शुरुआत होती है.27 जुलाई 2025 – हरियाली तीजहरियाली तीज का पर्व सुहागिन और कुंवारी लड़कियां दोनों रखती हैं. ये व्रत अखंड सौभाग्य और सुयोग्य वर प्रदान करता है. इसमें माता पार्वती और शिव जी की पूजा की जाती है.28 जुलाई 2025 – सावन तीसरा सोमवार, विनायक चतुर्थी29 जुलाई 2025 – नाग पंचमी, तीसरा मंगला गौरी व्रशिव पुराण के अनुसार नाग पंचमी पर सर्पों और शिवलिंग पर लिपटे नागों की पूजा से विषैले सर्पों से बचाव होता है और जीवन में उन्नति और समृद्धि आती है. कालसर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए ये दिन बहुत खास है.

30 जुलाई 2025 – कल्कि जयंती

31 जुलाई 2025 – तुलसीदास जयंती

## 2,230 करोड़ के मालिक की मां होकर भी राजश्री बिड़ला दिखाती हैं सादगी, बेटे का हाथ थामे साड़ी में लगीं प्यारी



कुमार मंगलम बिड़ला किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र में खूब नाम कमाया है। ऐसे में वह जहां भी जाते हैं लाइमलाइट में आ जाते हैं, लेकिन इस बार उनकी 77 साल की मां का अंदाज सबका ध्यान खींच ले गया। जिन्हें खूब प्यार भी मिल रहा है। बिड़ला ग्रुप के मालिक कुमार मंगलम बिड़ला की गिनती देश के सबसे रईस बिजनेसमैन में होती है। जिनके पास रिपोर्ट्स के अनुसार 2,230 करोड़ की संपत्ति है। ऐसे में उनका पूरा परिवार ही लैविश लाइफस्टाइल जीता है, तो बेटी अनन्या बिड़ला भी बिजनेस क्षेत्र में कमाल कर रही हैं। अक्सर ही बिड़ला परिवार के सदस्य किसी न किसी इवेंट में नजर आते हैं, जहां उनका स्टाइलिश अंदाज लोगों का ध्यान खींच लेता है। चाहे घर के बेटियां हो या फिर बहू, सब एकदम टिपटॉप नजर आती हैं। लेकिन, इस बार घर की सबसे बड़ी यानी कि मिस्टर बिड़ला की मां की सादगी पर लोगों का दिल आ गया।दरअसल, बिड़ला साहब को अपनी मां राजश्री बिड़ला के साथ पैपराजी ने स्पॉट किया। जहां मां और बेटे का प्यार भरा बॉन्ड देखने को मिला, तो 77 साल की उम्र में भी राजश्री बिड़ला अपना खू. बसूरत अंदाज दिखा गईं। वह हमेशा की तरह यहां साड़ी पहने नजर आईं, लेकिन उनका देसी रूप एकदम परफेक्ट लगा। जिनकी तस्वीरें देख आप भी उनकी तारीफ करेंगे। राजश्री से पहले उनके बेटे की बात करते हैं, जो सूट– बूट पहनकर यहां आए। बिड़ला साहब ने ब्लू शर्ट के साथ ग्रे फॉर्मल पैंट्स पहनी और फिर पिंक चेक पैटर्न ब्लेजर के साथ इसे स्टाइल किया। वहीं, आखिर में ब्लैक बेल्ट और फॉर्मल शूज के साथ लुक पूरा किया। जिसमें उनका कलर कॉम्बिनेशन के साथ प्ले करने वाला अंदाज शानदार लगा। राजश्री बिड़ला भले ही करोड़पति परिवार से आती हैं, लेकिन हर बार उनका एक जैसा ही सादगी भरा अंदाज दिखता है। अब यहां ही देख लीजिए, वह लौकिया ग्रीन कलर की सिल्क की सुंदर साड़ी पहनकर आईं। जैक्वार्ड पैटर्न वाली साड़ी पर सिल्वर पै. चवर्क से फ्लोरल डिजाइन बनाकर हैवी लुक दिया। वहीं, फैब्रिक को दी गई परफेक्ट अमाउंट की शाइन भी लुक की खूबसूरती को बढ़ा रही है। साड़ी चाहे कैसा भी हो उसे ड्रैप करने का तरीका भी लुक में जान ला देता है। तभी तो राजश्री बिड़ला का साड़ी को एकदम नीट एंड क्लीन तरीके से प्लीट्स में बांधना बढ़िया लगा। जिसके पल्लू को थोड़ी चौड़ी प्लीट्स में ड्रैप करके उन्होंने दूसरे हाथ पर आगे की ओर ले लिया। जिससे उनके सादे– सिंपल साड़ी लुक को भी रीच फील मिल गई। अब रही बात लुक को स्टाइल करने की, तो उन्होंने हमेशा की तरह स्टड ईयररिंग्स पहने और हाथ में वॉच भी कैरी की। उन्होंने गले में चेन भी पहनी है, लेकिन वो पूरा दिख नहीं रही, पर उनके अंदाज को कॉम्प्लिमेंट जरूर कर गई। वहीं, शाइनी सिल्वर बैग भी साड़ी के साथ एकदम परफेक्ट लगा।

## चर्बी घटाने में कारगर, एब्स बनाने में मदद करता है चतुरंग दंडासन



चतुरंग दंडासन एक ऐसा योगासन है, जो पूरे शरीर को संतुलन देने के साथ–साथ मन को भी स्थिर करने का काम करता है. अगर इसे सरल भाषा में कहें तो यह देसी पुशअप जैसा है. इस आसन में शरीर एक सीधी रेखा में होता है. हाथ, कंधे और पेट के आसपास की मांसपेशियों पर इसका जबरदस्त असर पड़ता है. रोजाना इस आसन का अभ्यास करने से पेट की चर्बी भी धीरे–धीरे कम होने लगती है.ये आधुनिक योग में शामिल आसन है. बीकेएस अयंगर की श्लाइट ऑन योगाश किताब में इसका जिक्र है. इसके मुताबिक जिन लोगों को पीठ दर्द, कंधे में अकड़न या पोश्चर से जुड़ी दिक्कतें होती हैं, उनके लिए चतुरंग दंडासन बेहद लाभदायक है. इससे रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है और मांसपेशियों को भी मजबूती मिलती है.चतु. रंग दंडासन को करते वक्त जब आप इस आसन में सांसों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो तनाव और बेचैनी धीरे–धीरे कम होने लगती है. इससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है. साथ ही चिंता और अवसाद दूर होने लगते हैं. यही वजह है कि इसे सिर्फ शरीर नहीं, दिमाग की कसरत भी कहा जा सकता है.पेट से जुड़ी समस्याओं में भी यह आसन कारगर है. जिन लोगों को कब्ज, गैस या अपच की समस्या रहती है, उन्हें इसका नियमित अभ्यास आराम दे सकता है. युवाओं के लिए यह आसन काफी फायदेमंद है, यह आसन पेट की मांसपे. शियों को टोन करने में मदद करता है, जिससे एब्स भी बेहतर दिखने लगते हैं. चतुरंग दंडासन मोटापा घटाने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए भी काफी मददगार है. यह शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद करता है. ब्लड सर्कुलेशन को सुधारने में भी चतुरंग दंडासन एक बे. हतरीन विकल्प है. खासकर पैरों और शरीर के निचले हिस्से में खून का बहाव बेहतर होता है, जिससे सुस्ती और थकावट कम होती है.चतुरंग दंडासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं या फिर अधोमुख श्वानासन से इसकी शुरुआत करें. अब अपने दोनों हाथों को जमीन पर कंधों से थोड़ा आगे रखें और उंगलियां सामने की तरफ फैला लें, ताकि पकड़ मजबूत रहे. दोनों पैरों की उंगलियों को जमीन पर टिकाएं और धीरे–धीरे घुटनों को ऊपर उठाएं.अब सांस अंदर लेते हुए शरीर को ऊपर की तरफ उठाएं और दोनों हाथों पर वजन डालें. इस वक्त ध्यान रखें कि आपकी कोहनियों पर 90 डिग्री का कोण बने और आपका पूरा शरीर एक सीधी रेखा में आ जाए. शरीर का पूरा भार अब सिर्फ हाथों और पैरों की उंगलियों पर रहेगा. शुरुआत में आप इस पोज में 10 से 20 सेकंड तक रहें. धीरे–धीरे अभ्यास बढ़ाने से इसे ज्यादा देर तक भी किया जा सकता है.